प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **113/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Narendra Singhvi Add: 66-K, Singhvi House, first floor, inside Saheliyon ki Bari, Udaipur

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 27/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329069354627618 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 12.02.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरकरण की कार्यवाही के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 8565858666 दिनांक 30.04.2026 से सूचना पत्र जारी किये गये। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया। अपीलार्थी अनपुस्थित।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा द्वारा जरिये पत्रांक स. लो.सू.अ./2026/2108 दिनांक 22.05.2026 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि प्रार्थी ने दिनांक 12.02.2026 को आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर म्यूटेशन की कार्यवाही के संबंध में सूचना चाही गई। प्रार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध में आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 4848143842 दिनांक 07.03.2026 से Need Personal visit for Information हेतु ऑनलाईन पत्र प्रेषित कर प्रार्थी को अवलोकन हेतु दिनांक 09.03.2026 को बुलाया गया। परन्तु प्रार्थी दिनांक 10.03.2026 को उपस्थित होकर रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया परन्तु चाही गई सूचना को चिन्हित नहीं किया गया, जिससे प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। प्रार्थी को अब भी सूचना चाहिए तो कार्यालय में उपस्थित होकर सूचना को चिन्हित करे ताकि नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाई जा सके। अतः निवेदन है कि जवाब स्वीकार फरमाया जाकर अपील निरस्त कराने का श्रम करावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 4848143842 दिनांक 07.03.2026 से अपीलार्थी को दिनांक 09.03.2026 से प्रत्यर्थी के कार्यालय में चाही गई सूचना का अवलोकन

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.: 22502137
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.27 19:25:32 IST
Reason: Approved

कर सूचना चिन्हित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अवलोकन करने के पश्चात् भी सूचना चिन्हित नहीं करने से प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी। प्रथम दृष्टया यह कार्यालय प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब से संतुष्ट है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। अपीलार्थी चाहे तो 7 दिवस में प्रत्यर्थी के कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन कर वांछित सूचना चिन्हित कर सकता है ताकि सूचना उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही प्रत्यर्थी, अपीलार्थी की उपस्थिति अपनी आगन्तुक पंजिका (Visitors Register) में दर्ज करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.27 19:25:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22502137
M e-Sign